




## एक नजर में

### सुवासरा पुलिस ने पकड़ी 2 क्विंटल 9 किलो डोडाचूरा तस्करी, एक गिरफ्तार




मंदसौर 1 नवम्बर। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सुवासरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल 9 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने सिल्वर रंग की इको कार (क्रमांक ऋ35ष्ट3565) से 11 प्लास्टिक कट्टों में भरा डोडाचूरा जब्त कर आरोपी विक्रमसिंह सौंधिया (निवासी खारखेड़ा, थाना गरोठ) को गिरफ्तार किया। कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल रघुवंशी के नेतृत्व में की गई। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अपने साथी पवन मीणा (निवासी बोरखेड़ी घाटा) के साथ तस्करी कर रहा था, जो फिलहाल फरार है। पुलिस ने हृष्ठक्र एक्ट की धारा 8/15, 29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है। इस सराहनीय कार्रवाई में उप निरीक्षक रतनलाल कटारा, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, सुमित यादव, आरक्षक अनिल यादव, मोतीलाल और मनीष धाकड़ का विशेष योगदान रहा। जब्त सामग्री की कीमत लगभग ?13 .22 लाख आंकी गई है।

### मजदूर कल्याण समिति के जिला पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन



मन्दसौर। मजदूर कल्याण समिति म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष मंदसौर सुनील सिखवाल व प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक भारती, नवीन कुमार चौहान की सहमति से मजदूर कल्याण समिति के मंदसौर जिला पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई है जिसमें जिला महामंत्री रोहित भारती, जिला मीडिया सहप्रभारी अर्पित सुनार्थी, जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कुन्दन यादव, जिला प्रभारी अनिल सुनार्थी, मंदसौर जिला मंत्री पंकज अहिरवार को मनोनीत किया गया है। समिति प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार एवं जिलाध्यक्ष सुनील सिखवाल ने नवीन पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर समिति के नीतियों के अनुरूप कार्य करने एवं पीड़ितों की सेवा करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान उपस्थित समिति सदस्यों ने नवीन पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### वात्सल्य स्कूल के विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



मंदसौर। वात्सल्य पब्लिक स्कूल की कई विद्यार्थी देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। स्कूल में अध्ययन के साथ खेल के लिए उपलब्ध संसाधन और अनुभवी खेल प्रशिक्षक के सानिध्य में वात्सल्य पब्लिक स्कूल से खेल प्रतिभाओं में निरंतर निखार आ रहा है। एक बार फिर से राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए वात्सल्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें स्कूल के छात्र यशवर्धनसिंह पंवार और गर्व जैन तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विद्यालय प्रबंधन और उनके स्नेहीजनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पटेल जयंती परसुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,विविध आयोजन



मंदसौर। सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद डॉ. गांधी ने उनके राष्ट्र एकीकरण और अखंडता में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसमर्पण का प्रतीक है। विद्यार्थियों महिमा एवं ध्रुव ने प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए। दोपहर 4 बजे आयोजित एकता शपथ ग्रहण में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने देश की एकता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद परिसर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण के साथ हुआ। आयोजन में डॉ. कार्तिक सालवे, डॉ. सुनीलकांत गुलेरिया और डॉ. सुमित्रा सेठिया का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापक और विद्यार्थी इसमें सक्रिय रूप से शामिल हुए।

### ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर में अन्नकूट व दीपावली मिलन समारोह आज



मन्दसौर। आज 2 नवम्बर 2025 रविवार को शाम 7.30 बजे द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर मंदसौर पर ग्रुप एवं भक्तों के सहयोग से महिला भक्त मित्र मंडल समिति सातवां भव्य अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन करने जा रही है। मंदसौर शहर एवं आसपास के गांवों में निवासरत आम जनता आम भक्तों से निवेदन है कि आप अक्सर पुरुषों के द्वारा आयोजित भंडारे धार्मिक आयोजन में जाकर प्रसादी ग्रहण करे।

# भगवान पशुपतिनाथ महादेव मेले का पाटोत्सव के साथ भव्य शुभारंभ



*संतों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना कर किया मेले का शुभारंभ*

मंदसौर। भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के 63वें भव्य मेले का शुभारंभ शनिवार को पाटोत्सव के अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। नगरपालिका परिषद मंदसौर एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस शुभारंभ कार्यक्रम में संतों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मेनपुरिया आश्रम के महंत मणिमहेशजी महाराज सहित संत श्री प्रत्यक्षानंदजी महाराज एवं संत श्री मस्तरामजी महाराज की प्रतिमाओं पर पूजा-अर्चना, माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात मंदिर परिसर में स्थापित दीपमालिका पर दीप प्रज्वलित कर 63वें भव्य मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, विधायक विपिन जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया यादव, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी श्री पारस मावर, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री अरविंद सारस्वत एवं दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, डिप्टी कलेक्टर एवं नपा सीएमओ अनिता चाकोटिया, एसडीएम शिवलाल शाक्य, एएसपी टी.एस. बघेल, पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति सदस्यगण, नगरपालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हुए। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे एवं मेला समिति सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया गया।

मीडिया से चर्चा में नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि 'भगवान पशुपतिनाथ का मेला मंदसौर की पहचान है। परिषद इस मेले की भव्यता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वर्षा का दौर थमने के बाद समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जाएंगी। व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।'

**तीन-चार दिनों में सज जाएगा पूरा मेला परिसर — मेला सभापति**

मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे ने बताया कि 'आज से मेला की शुरुआत हो चुकी है। अगले तीन-चार दिनों में दुकानें पूरी तरह सज जाएंगी। कार्तिक पूर्णिमा तक मेला अपने पूरे स्वरूप में नजर आएगा। व्यापारियों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और सभी आवश्यक निर्णय समय पर लिए जाएंगे।'

भक्तिभाव, उत्साह और लोक परंपराओं से सजे इस शुभारंभ समारोह ने मंदसौर नगर को एक बार फिर पशुपतिनाथ महादेव की भक्ति में रंग दिया।



## पेंशनरों ने ज्ञापन सौंपा

नीमच। संयुक्त विभाग पेंशनर संघ मुख्यालय नीमच और मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन नीमच के संयुक्त आह्वान पर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर पेंशनरों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महंगाई राहत केंद्रीय तिथि से नहीं देने के कारण बड़ी संख्या में पेंशनरों ने कलेक्टर कार्यालय नीमच पर उपस्थित होकर जम कर नारेबाजी की और कलेक्टर के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धार्वे को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में मांग की गई कि पेंशनरों को भी एक जनवरी 2025 से 55ज्तथा एक जुलाई 2025 से 58ज बकाया महंगाई राहत तत्काल दी जावें ज्ञापन के समय श्री बालचंद वर्मा, जगमोहन श्रीवास्तव, शांतिलाल कारपेन्टर, वीश केश वर्मा, रामचंद्रदास बैरागी, जीश एलश जैन, पीश्एनश गुप्ता भूपाल सिंह राठौड़,श्याम सुन्दर अग्रवाल,डॉ लक्ष्मीनारायण शर्मा, अब्दुल गफ्फार मोमिन, गोपालकृष्ण बैरागी, तेजसिंह राठौड़, बीश्डीश बैरागी, मोहनलाल जाटव, सुकुमार आगार, घनश्याम नागदा, एनश्डीश रावल, कौशलेन्द्र सिह कठेरिया, मदनलाल बोरीवाल, दिनेश सोनी, बिहारी लाल भटनागर, रामभरोसे थोरेचा, सैयद चांद अली, घनश्याम नागदा, रामनारायण राठौर सुजानमल पगारिया, परसराम रावत, ज्ञान दास बैरागी, घनश्याम जोशी सहित कई पेंशनर उपस्थित हुए।

## राजपूत समाज का भादवामाता धर्मशाला में दीपावली मिलन समारोह




नीमच। भादवामाता राजपूत समाज धर्मशाला में आज राजपूत दीपावली मिलन समारोह बड़े हर्ष और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजबंधुओं ने परंपरागत ढंग से एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और समाज की एकता एवं संगठन शक्ति का संदेश दिया।

समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नव-नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भेरूसिंह चौहान एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ठा. यशपाल सिंह सिसोदिया मुख्य आकर्षण रहे। अतिथियों के पंडाल में प्रवेश करते ही ढोल नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ धर्मशाला प्रांगण में स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और माँ भादवा माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री कुँ. सत्येंद्र सिंह पतलासी ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भेरूसिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा, संगठन और राजनीति में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से श्वङ्खस् आरक्षण में स्वर्ण वर्ग के सरलीकरण एवं संशोधन की माँग की और राजपूत समाज के लिए सांस्कृतिक शिविर आयोजित करने की आवश्यकता बताई। इस दौरान संगठन की एकता, समाज सेवा, और युवाओं की भूमिका पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा करते हुए ठा. सामंत सिंह चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया।समारोह में समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें ठा. जगजीत सिंह अम्लीखेड़ा, राव पृथ्वीराज सिंह बांगरेड, मोहन सिंह मोकड़ी, हरी सिंह पूरावत, गजराज सिंह रानीपुरा, हीरेंद्र सिंह आंकली, कुँ. चेतन्य सिंह राठौड़ (संभाग अधिकारी), कुँ. हेजराज सिंह बोरखेड़ी (प्रदेश महामंत्री), ठा. चतर सिंह गहलोत (प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री), ठा. राकेश सिंह नेमावर (जिला संरक्षक), ठा. रणजीत सिंह बबली तंवर (उपाध्यक्ष), ठा. करण सिंह आक्या (संगठन महामंत्री), ठा. गुलाब सिंह साण्डा (प्रदेश अधिकारी), कुँ. रणधीर सिंह गहलोत (जिला कार्यकारिणी सदस्य), कुँ. जयपाल सिंह राणावत (नीमच तहसील अध्यक्ष), नारायण सिंह सिसोदिया (जिला विधिक सलाहकार, ढाकनी मनासा), भूपाल सिंह राठौड़, राजदीप सिंह रानीपुरा, नरेंद्र सिंह धामनीय (नीमच तहसील सचिव), दशरथ सिंह सोनगरा, लक्ष्मण सिंह उमाहेड़ा, धर्मेंद्र सिंह परिहार (प्रदेश युवा महामंत्री) तथा गुलाब सिंह वकील साब मनासा सहित अनेक समाजजन शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला उपाध्यक्ष रणजीत सिंह (बबली तंवर) ने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच द्वारा योग शिविर का आयोजन



नीमच। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के तत्वावधान में जिला जेल, नीमच में पतंजलि योग संस्थान के सहयोग से एक योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य श्री आनंद शर्मा द्वारा जेल परिसर में उपस्थित निरुद्ध बंदियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

योगाचार्य ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से मनुष्य का मन शांत रहता है, तनाव कम होता है तथा व्यक्ति में आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शोभना मीणा ने कहा कि 'जेल में योग कक्षाओं का संचालन निरंतर किया जाएगा ताकि निरुद्ध बंदियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त हो सके और वे समाज में पुनः स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक नागरिक के रूप में जीवन यापन कर सकें।' उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर ऐसे सुधारात्मक एवं पुनर्वासोन्मुख कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनसे बंदियों में आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान की भावना का विकास हो। कार्यक्रम के अंत में जिला जेल अधीक्षक एम.के. चौरसिया ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पतंजलि योग संस्थान का आभार व्यक्त किया।



## स्वर्णकार समाज ने अन्नकूट के साथ मनाया दीपावली मिलन समारोह

जावद। स्थानीय स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव और दीपावली मिलन समारोह स्टेशन रोड स्थित अजमीढ़ वाटिका परिसर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्य श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान अजमीढ़ जी महाराज तथा चारभुजा नाथ की आरती के दौरान सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने विशेष भूमिका निभाई आयोजित कार्यक्रम में वयोवृद्ध महिलाओं का सम्मान किया गया और समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए, जिन्होंने शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार, समाज एवं नगर का गौरव बढ़ाया।

महिला मंडल की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, मुख्य संरक्षक एवं समस्त कार्यकारिणी की सक्रिय महिलाओं ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी समाज जनों के लिए स्नेहभोज का आयोजन भी किया गया। नवीन स्थान पर इस समारोह में सभी में उमंग और उत्साह देखने को मिला।

**एक नजर** | **आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के डीन विपिन माथुर ने कहा**

## आईएमए का शपथ विधि समारोह संपन्न, स्वस्थ राष्ट्र के लिए डॉक्टरों का योगदान अविस्मरणीय



नीमच। हमारे राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ रहे इसके लिए डॉक्टर अपने घर परिवार को त्याग कर 24 घंटे 7 दिन रोगियों का इलाज के लिए सेवा में तत्पर रहता है। जिस चिकित्सक की सुरक्षा की जिम्मेदारी देश के नागरिकों पर है वहीं उसे असुरक्षित छोड़ देते हैं। रोगियों को चाहिए कि वह डॉक्टर को देवगुरु की जैसे आदर दे तो डॉक्टर भी रोगी के प्राणों की रक्षा के लिए त्याग की भावना के साथ उपचार में रात दिन परिश्रम पुरुषार्थ करेंगे। स्वस्थ राष्ट्र के लिए डॉक्टर का योगदान अविस्मरणीय होता है। यह बात आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के दिन डॉक्टर विपिन माथुर ने कही।

वे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जिला ईकाई नीमच के शपथ विधि समारोह 30 अक्टूबर को रात 8 बजे एक निजी होटल इन राईस सयाजी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा राष्ट्र और समाज के बीच एक सेंतु का कार्य करता है। चिकित्सक भी नैतिक शिक्षा का पालन करते हुए समाज का संरक्षण करने का कार्य करते हैं। सरकारी और निजी दोनों चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में आधुनिक युग में कई चुनौतियां सामने हैं। इलाज के दौरान चिकित्सकों पर हमले, रोगी के परिजनों का दुर्व्यवहार चिकित्सकों के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। सरकार को भी जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर चिकित्सा अधिनियम में और अधिक सुधार करना चाहिए ताकि चिकित्सक सुरक्षित रहेगा तो रोगी का उपचार होगा और रोगी का उपचार होता तो नागरिक सुरक्षित रहेंगे नागरिक सुरक्षित रहेंगे तो राष्ट्र सुरक्षित रहेगा। सरकार को युवा वर्ग के लिए वित्तीय कार्यक्रम शुरू करना चाहिए ।

उदयपुर मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रिंसिपल डॉक्टर कुशल गहलोत ने कहा कि भारतीय चिकित्सा संघ का नाम आते ही मन में प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है देश में 17 इकाइयां सेवारत है जो चिकित्सकों के हित एवं स्वस्थ भारत में चिकित्सा विकास के लिए प्रयासरत है ।केंद्र और राज्य सरकार की नीतियां हितकारी होती है चिकित्सकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन अपनी भूमिका का निर्वहन सजकता के साथ कर रहा है ।नया नेतृत्व है। नया नेतृत्व विकसित करना चाहिए ।तभी सच्ची समाज की सेवा हो सकती है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डाक्टर मनीष चमड़ियां ने कहा कि ई म ए का मूल्य उद्देश्य अपने सदस्यों के हितों की रक्षा करना,आपसी समझ, विचार विमर्श कर सौभाग्य पूर्ण वातावरण बनाना और सदस्यों की प्रोफेशनल स्किल को विकसित करना है इसके लिए हमारे द्वारा वर्ष भर विभिन्न विषयों के सेमिनार आयोजित किए जाएंगे और नवीनतम चिकित्सा पद्धति और तकनीक नीमच मैं उपलब्ध करायी जाएगी,सदस्यों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल प्रतियोगिता सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम कराएंगे सामाजिक विकास के लिए निशुल्क निदान एवं उपचार शिविर, वृक्षारोपण,रक्त दान शिविर, विभिन्न सामाजिक संगठन और क्लब के साथ मिल कर सेवा गतिविधियां की जाएगी शहर और राष्ट्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे .निर्वतमान अध्यक्ष डॉक्टर सुजाता गुप्ता ने संगठन प्रतिवेदन एवं स्वागत उद्बोधन दिया। ध्वज वंदना डॉक्टर सोनाली गोयल ने तथा प्रार्थना डॉक्टर सविता चमड़ियां ने प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चोपड़ा व पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया डॉ महेंद्र पाटील अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर 8 नए चिकित्सा सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया।

नवीन सत्र की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर डॉ मनीष चमड़ियां, सचिव डॉ आदित्य भंडारी, कोषाध्यक्ष जेसी वर्मा, संरक्षक डॉ .आर के खाद्योंत ,डॉक्टर अशोक जैन, डॉक्टर एलबीएस चौधरी ,पूर्व अध्यक्ष डॉ सुजाता गुप्ता, पूर्व सचिव डॉक्टर मनीषा चमड़ियां, उपाध्यक्ष डॉ एस आर सिंहल ,डॉ संगीता भारती, डॉक्टर दीपक सिंहल, संयुक्त सचिव डॉक्टर एस वधवा, केंद्रीय प्रतिनिधि डॉ राजेंद्र ऐरन, डॉक्टर मितुल चमड़ियां , प्रदेश प्रतिनिधि डॉ मुकेश पाटीदार ,डॉ अभिषेक तिवारी, डॉक्टर अभिषेक शर्मा ,डॉक्टर निलेश पाटीदार, प्रवक्ता डॉ नवीन जैन, कार्यकारिणी सदस्य डॉ .आर पी महेश्वरी, डॉक्टर रमेश दक, डॉ. एके दुबे ,डॉक्टर आरके भंडारी, डॉक्टर के नरूला ,डॉ. एलआर अग्रवाल, डॉ. संजय गुप्ता, मधु जोशी, डॉ आशीष जोशी, डॉक्टर डॉ. प्रकाश पटेल, डॉक्टर मनीष मेहता, डॉक्टर यशवंत पाटीदार, खेल समिति डॉ .अंजू जोशी, डॉक्टर एम एल पाटीदार, डॉ. अरनव चंदेल एवं सांस्कृतिक समिति डॉक्टर शक्ति शर्मा पद एवं समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा की शपथ ली। आईएमए को मध्य प्रदेश राज्य स्तर पर 2024 25 का एप्रिशिएसन अवार्ड 2025 डॉक्टर सुजाता गुप्ता, डॉक्टर मनीष चमड़ियां एवं डॉक्टर निधि प्रधान को प्रदान कर सम्मानित किया गया ।अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रश्मि पटेल ने किया तथा आभार डॉक्टर आदित्य भंडारी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।